ममता


# संवाद पत्र
## पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 8 | वर्ष : द्वितीय | त्रैमासिक | अक्टूबर, 2008


## स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

निर्माण संगठन ने 62 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया । संगठन के महाप्रबंधक, श्री शिव कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सलामी दी । उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को सम्बोधित किया और 62 वें



ध्वजारोहण के दौरान श्री शिव कुमार महाप्रबंधक/नि के साथ श्री बकरीदन, भंडार नियंत्रक व मुराधिकारी/नि एवं श्री सी. आर. मीणा, सुरक्षा आयुक्त/नि ।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को संगठन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में निर्माण संगठन द्वारा चल रही विभिन्न परियोजनाओं, पूरी की गई परियोजनाओं तथा अन्य उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया । अपने वक्तव्य के पश्चात उन्होंने नव-निर्मित महाप्रबंधक/ निर्माण कार्यालय भवन का उदघाटन किया तथा इस मौके पर उन्होंने महाप्रबंधक/निर्माण संगठन द्वारा प्रकाशित किए गए नई टेलीफोन डायरेक्टरी का भी विमोचन किया। उन्होंने केंद्रीय चिकित्सालय, पूर्वोत्तर सीमा रेल मालीगांव में मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनको फल तथा मिठाइयाँ भी बांटी।




नव-निर्मित महाप्रबंधक/निर्माण कार्यालय भवन ।

## श्री एस. के. विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड द्वारा अगरतला-अम्बासा नव-निर्मित लाइन का निरीक्षण

श्री एस. के. विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने 8 अगस्त, 2008 को कुमारघाट-अगरतला नई लाइन परियोजना के अगरतला-अम्बासा रेलखण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/निर्माण, श्री जी. एस. तिवारी, प्रधान मुख्य इंजीनियर, श्री एस. एस. नारायणन, मंडल रेल प्रबन्धक, लमडिंग, श्री आर. एल. मीणा, मुख्य इंजीनियर / निर्माण-V एवं पू. सी. रेल के अन्य रेल अधिकारी उनके साथ थे । इस नई लाइन परियोजना को उग्रवाद, कठिन पहाड़ी भू-भाग और प्रतिकूल मौसम की कठिन चुनौतियों के बावजूद देश के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पूरा किया गया । प्रशंसा स्वरूप सदस्य इंजीनियरिंग ने नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण दल को तथा अगरतला स्टेशन भवन के निर्माण दल को एक-एक लाख रूपये पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की । इस लाइन का सी.आर.एस. निरीक्षण हो चुका है और शुभारंभ के लिए पूर्णरूप से तैयार है ।



निरीक्षण के दौरान श्री एस. के. विज, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड के साथ श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि. एवं अन्य अधिकारीगण



अगरतला रेलवे स्टेशन भवन जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस लाइन के पूरा होने से, अगरतला को आजादी के बाद भारतीय रेल नक्शे पर आने वाला पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों में पहला स्थान हासिल हुआ है । इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह ने माननीय रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद को अपना स्वहस्ताक्षरित बधाई पत्र भेजा है, जो सम्पूर्ण भारतीय रेल और विशेष रूप से पू. सी. रेल, निर्माण संगठन के लिए गौरव की बात है ।


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार | श्री बकरीदन | श्री एस. बेहेरा | श्री शरद विधु शुक्ल |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि | राजभाषा अधिकारी/नि |

## माननीय रेल राज्यमंत्री का शिलांग दौरा

माननीय रेल राज्यमंत्री श्री आर. वेलू ने 8 से 10 जुलाई तक शिलांग का दौरा किया एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की । पूर्वोत्तर क्षेत्र में चालू विभिन्न परियोजनाओं के साथ मेघालय में निर्माणाधीन आजरा से बरनीहाट एवं दुधनोई से



*प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान रेल राज्यमंत्री श्री आर.वेलू के साथ महाप्रबंधक/नि. तथा अपर महाप्रबंधक, पू.सी. रेल ।*

मेंदीपाथार तक प्रस्तावित नई लाइन की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। निर्माण संगठन द्वारा पिछले 9 महीनों में 365 कि. मी. नई लाइन एवं आमान परिवर्तन के कार्य सम्पादन की एक युगान्तरकारी उपलब्धि से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने निर्माण संगठन को सराहना स्वरूप 5 लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की।

## रेल मंत्री राहत कोष में निर्माण संगठन का अंशदान

कोसी नदी की प्रलयंकारी बाढ़ ने उत्तरी बिहार के कई जिलों में लाखों लोगों को बेघर करते हुए जान-माल एवं पशुधन की अभूतपूर्व क्षति कर तबाही मचाई है। माननीय रेल मंत्री ने रेलकर्मियों को इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों की सहायतार्थ रेलमंत्री कल्याण एवं राहत कोष में उदारतापूर्वक कम से कम एक दिन के वेतन को अंशदान के रूप में देने की अपील की है। इस संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सितम्बर, 2008 के वेतन से एक दिन के वेतन का अंशदान दिया है जिसे बिहार बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ भेजा जायेगा ।

## श्री अमिताभ दत्ता, अपर सदस्य (रेलवे भंडार) का निर्माण संगठन का दौरा



*श्री दत्ता का स्वागत करते हुए श्री बकरीदन, भंडार नियंत्रक/नि. एवं मुख्याधि/नि साथ में श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि. (बैठे हुए) ।*

श्री अमिताभ दत्ता, अपर सदस्य (रेलवे भंडार) ने दिनांक 22-09-2008 को महाप्रबन्धक/निर्माण कार्यालय का दौरा किया । निर्माण संगठन के अस्तित्व में आने के पश्चात यह पहला मौका था, जब भंडार विभाग के सबसे उच्च अधिकारी ने इस कार्यालय का दौरा किया । इस अवसर पर श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/निर्माण ने अपर सदस्य (रेलवे भंडार) का स्वागत करते हुए निर्माण संगठन के कार्यकलापों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में अवगत कराया । श्री बकरीदन, भंडार नियंत्रक/निर्माण ने भंडार विभाग के कार्यों एवं उपलब्धियों पर एक प्रस्तुतीकरण पेश किया एवं कार्यालय की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया । अपर सदस्य (रेलवे भंडार) श्री दत्ता ने इस अवसर पर अपने बहुमूल्य सुझाव देते हुए दिन प्रति दिन के कार्यों में ध्यान देने वाली बातों से अधिकारियों को अवगत कराया।

## अनुशासन एवं अपील मामलों में स्पष्ट आदेशों पर कार्यशाला

04 सितम्बर, 2008 को निर्माण संगठन में 'अनुशासन एवं अपील मामलों के स्पष्ट आदेशों ' के टिप्पण एवं प्रारूप लेखन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में श्री एम.एल. जंड, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), रेलवे स्टॉफ कालेज, वडोदरा, को आमंत्रित किया गया था जो इस विषय पर एक जाने-माने चेहरे के रूप में न केवल भारतीय रेल बल्कि अन्य पब्लिक सेक्टरों एवं प्राईवेट संस्थानों में भी काफी प्रसिद्ध है । श्री जंड ने इस कार्यशाला में विभिन्न वैधानिक प्रावधानों एवं समुचित स्पष्ट आदेशों के अवयवों पर प्रकाश डाला। श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/निर्माण ने भी अनुचित एवं समुचित स्पष्ट आदेशों के महत्वपूर्ण तथ्यों पर व्याख्यान दिया। इस कार्यशाला में 42 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी भाग लेनेवाले अधिकारियों को इस कार्यशाला में भाग लेने के लिये प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी तथा सफल रही।



*कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि. एवं प्रो. एम. एल. जंड*

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीसरी बैठक



क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीसरी बैठक में माननीय सांसद श्री फुरकान अंसारी एवं श्री हामिद अली, प्रेक्षक तथा श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/नि., श्री राधे श्याम, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि. श्री चक्रवर्ती दन, मुराधि/नि., श्री एस. बेहेरा उमुराधि/नि. एवं राजभाषा विभाग के कर्मचारीगण ।

श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/निर्माण की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.2008 को वर्ष की तीसरी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राजभाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें रेलवे बोर्ड द्वारा नामित प्रेक्षक, माननीय सांसद श्री फुरकान अंसारी एवं श्री सैयद हामिद अली ने भाग लिया। माननीय प्रेक्षकों ने राजभाषा विभाग द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की एवं इसके और विस्तार के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिये। बैठक में श्री शिव कुमार महाप्रबंधक/निर्माण ने राजभाषा सप्ताह, 2008 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये ।

## हिन्दी भाषा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पू. सी. रेल निर्माण का अखिल भारतीय स्थान

यह हर्ष का विषय है कि हिन्दी भाषा प्रशिक्षण के सत्र जनवरी-मई, 2008 के घोषित प्रवीण परीक्षा परिणाम में महाप्रबंधक/निर्माण कार्यालय के श्री प्रशान्त कुमार सिंहा तथा श्री रावरा राजू ने अखिल भारतीय स्तर पर क्रमशः तृतीय तथा छठा स्थान प्राप्त कर संगठन के कर्मचारियों की कार्यशैली एवं कर्त्तव्यनिष्ठा की अनूठी मिसाल कायम की है ।

## राजभाषा सप्ताह समारोह, 2008



राजभाषा सप्ताह समारोह ,2008 का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ करते हुए श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि.

पू.सी. रेल निर्माण संगठन के मुख्यालय में दिनांक 15.09.08 से 19.09.08 तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया । श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/निर्माण ने दीप प्रज्वलित कर राजभाषा सप्ताह का शुभारंभ किया । इस अवसर पर विभिन्न रूचिकर एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं, जैसे-अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच प्रश्नोत्तरी, रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रांकन तथा कविता पाठ, निबंध लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओं के साथ ही दिनांक 19.09.08 को एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन के साथ ही राजभाषा सप्ताह सम्पन्न हुआ ।




राजभाषा सप्ताह के दौरान बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता।

## हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

महाप्रबन्धक/निर्माण संगठन के राजभाषा अनुभाग में दिनांक 29.07.08 तथा 30.07.2008 को विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लाभार्थ दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया ।



# निर्माण संगठन की पिछले तीन महीनों की उपलब्धियाँ

## इंजीनियरिंग :

(i) कुमारघाट-अगरतला नई लाइन परियोजना के अम्बासा-अगरतला (69 कि.मी.) से सम्बन्धित सभी कार्य पूरे कर लिये गये हैं । दिनांक 5 तथा 6 अगस्त, 08 को सी आर एस द्वारा निरीक्षण के पश्चात सेक्शन में यात्री यातायात चालू करने की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है ।

(ii) सेनचुवा जंक्शन से सिलघाट टाऊन (61.44 कि.मी.) सेक्शन में सभी कार्य पूरे कर लिये गये हैं । सी आर एस द्वारा दिनांक 20-08-08 को निरीक्षण के पश्चात सेक्शन में यात्री यातायात चालू करने की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है ।

(iii) कटिहार-बारसोई सेक्शन के आमान परिवर्तन कार्य से सम्बन्धित मुकुरिया स्टेशन यार्ड के पुन:स्थापन का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा बाकी कार्योपरान्त दिनांक 14-08-08 को ओपन लाइन को सौंप दिया गया ।

(iv) महानन्दा पुल संख्या 13 (8x45.72 मी.) में कुंओं की 3 अदद निचली तथा मध्यवर्ती प्लागिंग कर ली गयी एवं माह के दौरान 2 अदद वेल केप्स की ढलाई की गई । कुल1239.45 क्यूबिक मीटर ढलाई की गई ।

(v) फकीराग्राम-धुबड़ी आमान परिवर्तन परियोजना में 2500 क्यूबिक मीटर भू-कार्य तथा 1 हजार क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति की गई ।44.27 टी. के. एम. रेलों को अब तक साइट पर लाया गया है । मूसलाधार बारिश, बन्द एवं असम के छात्र संगठनों द्वारा 21-07-08 से 16-08-08 तक राष्ट्रीय राजमार्ग 31 (सी) के नाकेबन्दी के कारण कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ ।

(vi) रंगिया-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन परियोजना के अधीन रंगिया-रंगापाड़ा नॉर्थ सेक्शन (फेज-I) में 500 क्यूबिक भू-कार्य एवं 10 अदद पिलर (खम्भों) का कार्य पूरा किया गया ।

(vii) लमडिंग-बदरपुर-सिलचर, बदरपुर-कुमारघाट आमान परिवर्तन परियोजना में 11.237 हेक्टेयर भू अधिग्रहण, 1.5 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 26 आर.एम.सुरंग एवं 5000 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति की गई । मई, 2008 में घटित घटनाओं के कारण ठेकेदारों द्वारा काम बन्द करने एवं मानसूनी मौसम की वजह से प्रगति बाधित हुई है ।25 स्थलों पर कार्य पुन: चालू किया गया ।

(viii) न्यू मैनागुड़ी-जोगीघोपा नई बीजी लाइन परियोजना के न्यू मैनागुड़ी-गोलकगंज सेक्शन में 3 छोटे पुलों का कार्य पूरा किया गया । मूसलाधार वर्षा के कारण कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है ।

(ix) हैबरगांव-मैराबाड़ी आमान परिवर्तन परियोजना में तीन अदद छोटे पुलों के कार्य पूरे किये गये तथा 4000 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति की गई । निरन्तर बारिश की वजह से कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है ।

(x) भारी वर्षा तथा बाढ़ के प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद न्यू लाइन परियोजना किशनगंज से जलालगढ़ में 5 कि. मी. के अन्तिम स्थान सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया गया । इसके साथ ही संचयी प्रगति 17 कि. मी.हो गई ।

(xi) बोगीबिल पुल कार्ययोजना में 2000 क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 900 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति एवं 11300 क्यूबिक मीटर बोल्डर आपूर्ति का कार्य पूरा किया गया । मार्गदर्शी बांधों एवं सम्मुखी तटबन्धों के सुरक्षा कार्यों के लिए जी आई तार के लंगोचे की जाली की बुनाई प्रगति पर है एवं दक्षिणी तट पर कुल 8.58 लाख वर्ग मीटर एवं उत्तरी तट पर 7.04 लाख वर्ग मीटर संचयी प्रगति की उपलब्धि हुई ।

(xii) कटखल-भैरबी आमान परिवर्तन परियोजना में 1 कि. मी. फारमेशन का कार्य पूरा किया गया ।

(xiii) तेजनारायणपुर से भालुकारोड तक नई लाइन के लिए टोह इंजीनियरिंग सह यातायात सर्वेक्षण के इंजीनियरिंग एवं सिगनलिंग प्राक्कलन का अद्यतनीकरण का कार्य पूरा किया गया ।

(xiv) तेजनारायणपुर के बीच साहेबगंज रेल सह सड़क पुल का आर ई सी टी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है ।

## सिगनलिंग :

(i) कुमारघाट-अगरतला नई लाइन परियोजना :
अगरतला स्टेशन के अम्बासा, मोंगियाकामी, तेलियामुरा, जिरानिया में एम.ए.सी.एल. सिगनलिंग के साथ पैनल इंटरलॉकिंग चालू करने के लिए तैयार है ।

(ii) सेनचुवा-सिलघाट आमान परिवर्तन परियोजना :
दिनांक 22-08-08 को सेनचुवा जंक्शन (अन्तिम फेज) में तथा दिनांक 20-08-08 को पैनल इंटरलॉकिंग के साथ एम.ए.सी.एल. सिगनलिंग चालू किया गया ।

(iii) दिनांक 07-08-08 को न्यू बंगाईगांव-चांगसारी सेक्शन के चापराकाटा में एस.एस.आई. कार्य चालू किया गया ।

## दूरसंचार :

(i) अम्बासा तथा अगरतला के बीच 5 स्टेशन के ब्लाक कार्य तथा 7 एल सी गेट के टेलीफोन संयोग के लिए 69 कि. मी. क्वाड केबल बिछाने का कार्य पूरा किया गया । कुमारघाट-अगरतला के बीच 109 कि. मी. ओ.एफ.सी. चालू किया गया। सेक्शन में कंट्रोल संचालन प्रारम्भ किया गया तथा 7 ए.डी.एम. टेलीफोन एवं स्टेशनों पर बी.एस.एन.एल. टेलीफोन संचार ओ एफ सी से प्रदान किये गये।

(ii) लमडिंग मंडल के सेनचुवा जंक्शन तथा सिलघाट टाऊन (62 कि.मी.) के बीच 6 क्वाड केबल बिछाने का कार्य पूरा किया गया तथा 15 समपार गेट में 6 क्वाड केबल से टेलीफोन संचार प्रदान किया गया ।

## बिजली :

(i) बदरपुर-बराईग्राम सेक्शन के करीमगंज स्टेशन के लेबल क्रॉसिंग गेट में दो विद्युत अतिक्रमण (एक 11 के. वी. तथा एक एल टी ) हटा लिये गये हैं । लमडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन परियोजना के बंदरखाल स्टेशन के समीप सुरक्षा कैंप में विद्युतीकरण पूरा किया गया ।

(ii) बोगीबिल पुल परियोजना के अधीन 5 उच्च मस्तूल टावर (3 न्यू डिब्रूगढ़ टाऊन स्टेशन में तथा 2 बोगीबिल पुल के साइट में) चालू किये गये ।

## 2008-2009 का परिव्यय

2008-2009 का परिव्यय

| | | |
|---|---|---|
| ♦ अतिरिक्त बजटीय सहायता सहित रेलवे बजट | = | 1372.34 करोड़ रूपये |
| ♦ निक्षेप कार्य (रक्षा मंत्रालय) | = | 11.94 करोड़ रूपये |
| कुल | = | 1384.28 करोड़ रूपये |

खर्च

| | | |
|---|---|---|
| ♦ अगस्त, 2008 के दौरान खर्च | = | 40.23 करोड़ रूपये |
| | + | 0.80 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य) |
| कुल | = | 41.03 करोड़ रूपये |
| ♦ अगस्त, 2008 तक संचयी खर्च | = | 379.28 करोड़ रूपये |
| | + | 4.12 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य) |
| कुल | = | 383.40 करोड़ रूपये |
| परिव्यय का % खर्च | = | 27.70 % |

## यातायात सुविधा

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ♦ कटिहार यार्ड का पुनर्निर्माण | कार्य पूरा हो गया और 08-06-08 को चालू कर दिया गया है । | |
| ♦ कामाख्या स्टेशन में कोचिंग की सुविधा (फेस-I) | कार्य पूरा कर लिया गया है। | |

## वर्कशॉप

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ♦ न्यू बंगाईगांव में वर्कशॉप का आधुनिकीकरण | 95 % | सितम्बर, 08 |
| ♦ न्यू गुवाहाटी डीजल शेड का विस्तार | 80 % | दिसम्बर, 08 |
| ♦ कामाख्या जं- कोच रख-रखाव के लिए उप ढांचा का विकास | 25 % | मार्च, 09 |
| ♦ किशनगंज-ट्रेन परीक्षण सुविधा | 35 % | मार्च, 09 |

## वर्ष 2008-09 की लक्ष्य निर्धारित परियोजनाओं की स्थिति

| | प्रगति |
|---|---|
| ♦ कटिहार-जोगबानी (आमान परिवर्तन) | कार्य पूरा करके इस सेक्शन को दिनांक 04-08-08 को चालू कर दिया गया है । |
| ♦ मानु-अगरतला (नई लाइन ) | कार्य पूरा हो गया है। सी आर एस निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। सेक्शन खुलने के लिये तैयार है। |
| ♦ सेनचुवा-सिलघाट (आमान परिवर्तन) | कार्य पूरा हो गया है । सी आर एस निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। सेक्शन खुलने के लिये तैयार है। |

## सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ♦ तिनसुकिया मंडल में 4 स्टेशनों पर मल्टी एंट्री एक्सेल काउंटर (पू.सी.रेल में प्रथम बार) | कार्य पूरा कर लिया गया है । | 30 जून 2008 |
| ♦ रंगिया मंडल में 14 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग | 10 स्टेशन चालू कर दिया गया है । 2 स्टेशन चालू होने को तैयार है । | 31 मार्च 2009 |
| ♦ कामाख्या के इर्द-गिर्द 4 ब्लॉक सेक्शन में बी. पी. ए. सी. कार्य (पू. सी. रेल में प्रथम बार) | कामाख्या-आगथोरी सेक्शन चालू किया गया। शेष सेक्शन में कार्य प्रगति पर है । | 30 जून 2008 |
| ♦ कटिहार-मालदा-गुवाहाटी के बीच मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार प्रणाली | गुवाहाटी-न्यू बंगाईगांव सेक्शन पर चालू हो गया है तथा न्यू बंगाईगांव-न्यू जलपाईगुड़ी एवं कटिहार-मालदा सेक्शन में ट्रायल किया गया तथा फाइनल स्टेज में है। | 15 अगस्त 2008 |

## सर्वेक्षण

| क्रम सं | सर्वेक्षण का नाम | स्वीकृति वर्ष | राज्य | प्रगति | पूरा करने की लक्ष्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुंजारिया से गाजोल (120 कि.मी.) तक नई लाइन का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2006-07 | पश्चिम बंगाल | 100 % | जुलाई, 08 |
| 2 | बरनीहाट से शिलांग तक नई लाइन | 2007-08 | मेघालय | 45 % | दिसम्बर, 2008 |
| 3 | जोगीघोपा-पंचरत्न से सिलचर तक नई लाइन | 2007-08 | असम तथा मेघालय | 55 % | दिसम्बर, 2008 |
| 4 | रूपाई से महादेवपुर, नामशेई चेंगखाम(अ.प्र.) होकर परशुरामकुंड तक (103 कि.मी.) नई लाइन का आर ई टी द्वारा सर्वेक्षण | 2007-08 | असम तथा अरूणाचल प्रदेश | 30 % | मार्च,2009 |

# रेल परिवार की उदारता

भारतीय रेल समाज एवं देश के प्रति अपनी उदारता के लिए सर्वोपरि है । यह अपने परिवार के सदस्यों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़ा रहता है । अभी हाल ही में इस संगठन ने अपने 2 सदस्यों सर्वश्री लिंकोथोंग टोनसिंग, आई.आर.एस.ई.कार्य इंजीनियर/नि/सिलचर एवं पुलीन गोगोई, जूनियर इंजीनियर/कार्य/सिलचर को एक सड़क दुर्घटना में खो दिया, ये दोनों जिरीबाम-तुपुल परियोजना के निरीक्षण के क्रम में यात्रा कर रहे थे ।



*आई.आर.एस.ई. अधिकारी रेल संघ द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि को श्रीमती टोनसिंह को प्रदान करते हुए श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि.*

इन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । रेल विभाग ने इन दोनों सदस्यों की विधवाओं को अनुग्रह राशि का त्वरित भुगतान करके उन्हें रेलवे में अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दे दी है ।

इसके अलावा भारतीय रेल के आई.आर.एस.ई. अधिकारी संघ ने इन दोनों के परिवारों के प्रति अपनी उदारता एवं सहानुभूति दिखाते हुए संतप्त परिवार के साथ उदारता दिखाई है। इसका ज्वलंत उदाहरण इस संघ ने अनुदान राशि के रूप में 6,92,135.00 रूपये श्रीमती टोनसिंग को एवं 3,87,614.00 रूपये श्रीमती गोगोई को दिया है । यह राशि महाप्रबन्धक/निर्माण के हाथों से इन दो विधवाओं को सौंप दिया गया, जो दुःखद परिवार के लिए एक बहुत बड़ा राहत का काम करेगा ।

# पू.सी. रेल निर्माण संगठन को प्राप्त पुरस्कार राशि का वितरण

पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन की उपलब्धियों पर सराहना और पुरस्कार मिलने का एक जोरदार सिलसिला शुरू हुआ है। इसमें निर्माण संगठन के हर अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अहम है और सब के समुचित प्रयासों से ही यह संगठन उत्तरोत्तर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता जा रहा है। पू.सी. रेल निर्माण संगठन को मई, 2008 तक प्राप्त कुल 7 लाख 10 हजार रू. की पुरस्कार राशि का वितरण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से जून माह के वेतन के साथ 290 रू. प्रति व्यक्ति वितरित किया गया। इसी तरह जून, 2008 तक प्राप्त कुल 20 लाख पुरस्कार राशि को भी संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सितम्बर, 2008 के वेतन में समान दर से 820 रू. प्रति व्यक्ति वितरित किया गया है।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों का विदाई समारोह




*सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/नि., श्री राधेश्याम, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि.*

इस संगठन की परिपाटी को कायम रखते हुए जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, 2008 को सेवानिवृत्त हुए 1 अधिकारी एवं 4 कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन क्रमशः 31 जुलाई, 29 अगस्त एवं 30 सितम्बर, 2008 को किया गया, जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति का भुगतान (फाइनल सेटलमेंट के कागजात) श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/निर्माण के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महाप्रबन्धक/नि द्वारा स्वर्ण जड़ित चांदी के पदक भी प्रदान किये गये । इस कार्यक्रम में महाप्रबन्धक/नि महोदय के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हुए ।

# सद्भावना दिवस का आयोजन

दिनांक 20.08.08 को स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की जन्म तिथि के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक/निर्माण कार्यालय परिसर में सद्भावना-दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/निर्माण ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी ।

# श्रद्धांजलि

दिनांक 15.09.2008 को शाम 7.00 बजे आर.पी.एस.एफ के छठे बटालियान के जवान श्री कर्मवीर, ड्यूटी के दौरान हाफलांग में ग्रेनेड फटने से शहीद हो गये । कुरूक्षेत्र, हरियाणा के रहने वाले स्वर्गीय कर्मवीर अविवाहित थे । स्वर्गीय कर्मवीर की आत्मा की शांति के लिये निर्माण संगठन में दिनांक 17.09.2008 को एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की ।

# "संवाद पत्र" की स्वयं की यात्रा

"संवाद पत्र" जनवरी 2007 से अपनी यात्रा शुरू करके आज अपने आठवें अंक तक पहुँच गया है । चार पत्रों से शुरू होकर आज यह आठ पत्रों का बन चुका है । कुछ संस्थानों/यूनिटों से प्राप्त निम्न प्रशंसाएँ अपने आप में इसकी विषयवस्तु, सार्थकता एवं गुणवत्ता को दर्शाती है ।

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
**भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे 411001**
(आई एस ओ : 9001-2000 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
**INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING, PUNE 411001**
(Indian Railway's First ISO : 9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

पत्र संख्या 779/हिंदी/प्रकाशन/3 — दिनांक : 16/06/08

संपादक,
संवाद पत्र,
महाप्रबंधक ( निर्माण)
का कार्यालय, राजभाषा विभाग
मालीगांव, गुवाहाटी - II

विषय - त्रैमासिक हिंदी संवाद पत्र ।

-----

त्रैमासिक हिंदी पत्रिका संवाद पत्र मिला। पत्रिका ज्ञानवर्धक एवं रोचक है। तकनीकी विषय को सरलता एवं सहजता से साहित्यिक रुचि का समावेश करते हुए प्रस्तुत करना बुद्धिमत्ता का प्रतीक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र जिससे देश का प्रत्येक नागरिक उतना परिचित नहीं है उस स्थान की हर घटनाओं से सबक होने का आभास प्रतीत होता है।

जिनके संरक्षण में इस पौधे को फलने-फूलने का मौका मिला है उसमें उम्मीद और आशाओं की किरणें बरबस अपनी जड़ें जमाने लगती हैं और यह घने वृक्ष का रूप लेने लगता है।

संपादक
"ज्ञानदीप"
इरिसेन, पुणे

---

पश्चिम मध्य रेल

पत्र क्र. जबल / राभा / 367 / 28

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
राजभाषा अनुभाग, जबलपुर
दिनांक – 27.08.2008

श्री शरद बिधु शुक्ल,
राजभाषा अधिकारी / निर्माण,
मालीगाँव, गुवाहाटी.

विषय– त्रैमासिक संवाद पत्र का प्रेषण ।
संदर्भ– आपका पत्र सं. ई / 149 / हि. / नि. / पत्रिका दि. 04.07.08

आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र के अंतर्गत भेजी गई त्रैमासिक पत्रिका संवाद पत्र अंक–07 की प्रति प्राप्त हुई । आपके अथक प्रयासों से प्रकाशित की गई इस पत्रिका में काफी ज्ञानवर्धक एवं रोचक जानकारियों का समावेश किया गया है । इसमें निर्माण संगठन में हुई विशेष उपलब्धियां एवं महत्वपूर्ण कार्यों की चित्रमय प्रस्तुति को काफी सुंदर और सजग रूप से प्रस्तुत किया गया है जोकि काफी सराहनीय है ।

इस पत्रिका के प्रकाशन से निर्माण संगठन मालीगाँव के अलावा सम्पूर्ण भारतीय रेल में कार्यरत कर्मचारियों को आपके द्वारा किये गये अनूठे प्रयासों की जानकारी हासिल होगी और वे इससे काफी लाभान्वित भी होंगे ।

पत्रिका परिवार से जुड़े सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल की ओर से बहुत–बहुत बधाई ।

(महेश चन्द)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (राभा),
जबलपुर

---

**दक्षिण पूर्व रेलवे**

सं. का./हिन्दी/20/3/6(भाग-I)

कार्यालय, महाप्रबंधक (राजभाषा),
गार्डनरीच, कोलकाता-43.

दिनांक : 21.08.2008

मुख्य राजभाषा अधिकारी(नि.)/MRA(Con),
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे/N.F. Rly,
निर्माण संगठन/Con. Organisation,
मालीगांव/Maligaon, असम/Assam
गुवाहाटी/Guwahati-781 011.

विषय : त्रैमासिक संवाद पत्र का प्रकाशन ।
संदर्भ : आपका दिनांक 04.07.08 का पत्र संख्या-ई/149/हि/नि/पत्रिका

*****

संदर्भाधीन पत्र के साथ आपके संगठन द्वारा प्रकाशित "संवाद पत्र" का सातवां अंक प्राप्त हुआ । धन्यवाद । पत्र का मुद्रण स्तरीय है । संगठन के कार्यकलापों एवं उपलब्धियों के संबंध में पत्र से काफी जानकारी प्राप्त हुई । इस तरह के प्रकाशन से राजभाषा के प्रचार प्रसार को गति मिलती है । श्रीमती गुन गुन शर्मा का लेख रोचक है, लेकिन कुछ शब्दों की भाषा जटिल होने के कारण अहिंदी भाषियों को समझने में मुश्किल होगी । पत्र के सफल प्रकाशन के लिए बधाई ।

आगामी अंक के शीघ्र एवं सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं ।

(सुधा मिश्रा)
राजभाषा अधिकारी
कृते महाप्रबंधक, राजभाषा

# कंक्रीट टेक्नोलॉजी पर इरीसेन द्वारा प्रकाशित हिन्दी में पहली पुस्तक



*पुस्तक को दर्शाते हुए श्री शिव कुमार, महाप्रबंधक/नि. साथ में श्री राधे श्याम, मु.प्र.अधि./नि. तथा श्री बकरीदन, भंडार नियंत्रक/नि. व मुराधि/नि.।*

कंक्रीट टेक्नोलॉजी टेक्निकल विषय पर हिन्दी में छपी पहली पुस्तक है जो भारतीय रेलवे सिविल इंजीनियरिंग संस्थान द्वारा प्रकाशित की गई है। इसका प्रकाशन श्री शिव कुमार, महाप्रबन्धक/निर्माण के कार्यकाल में हुआ था, जब वे इरीसेन के निदेशक पद पर कार्य कर रहे थे । भारत की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा दिनांक 14-09-2008 को इस पुस्तक के लेखक श्री घनश्याम बंसल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया । राजभाषा सप्ताह के दौरान इस किताब पर चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि यह किताब सभी अधिकारियों में वितरित की जाएगी, जिससे राजभाषा के प्रचार-प्रसार को और मदद मिलेगी ।

## स्थानांतरण

1. श्री कमलेश चक्रवर्ती, उप वि.स.एवं मुलेधि/निर्माण/III का दिनांक 04.08.08 को पू.सी. रेल, मुख्यालय में स्थानांतरण हुआ ।
2. श्री गुरु प्रकाश उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/अम्बासा का दिनांक 19.08.08 को पश्चिम रेल में स्थानांतरण हुआ ।
3. डॉ. एस. श्रीवास्तव, वि. स. एवं मुलेधि/निर्माण का दिनांक 29.08.08 को पश्चिम रेलवे में स्थानांतरण हुआ ।
4. श्री एस. के. पटेल, उप मुख्य इंजी./नि/II/सिलचर का दिनांक 12.09.08 को पश्चिम रेल में स्थानांतरण हुआ ।
5. श्री रवि कालबंदे, उप मुख्य इंजी./नि/III/लामडिंग का दिनांक 15.09.08 को दक्षिण-पश्चिम रेल में स्थानांतरण हुआ ।

## स्वागत



श्री वी.वी. चक्रवर्ती ने दिनांक 23.07.08 को वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी-II/नि. का पदभार ग्रहण किया ।



श्री मोहन लाल ने दिनांक 23.09.08 को मुख्य इंजीनियर निर्माण-VII का पदभार ग्रहण किया ।

## बधाई/शुभकामनाएं

### अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

02 अक्टूबर, **श्री राधेश्याम**, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
04 अक्टूबर, **श्री एस.सी. रजक**, मुख्य इंजी./नि/III
10 अक्टूबर, **श्री हरि सिंह**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/I/लामडिंग
12 अक्टूबर, **श्री वी.वी. चक्रवर्ती**, वि.स. एवं मुलेधि/नि-II
16 अक्टूबर, **श्री एस.पी. सिंह**, उप मुख्य इंजी/नि/I/अभिकल्प
19 अक्टूबर, **श्री के. सिंगसन**, उप मुख्य सि. एवं दू. संचार इंजी./निर्माण/टेली
20 नवम्बर, **श्री आर. एल. मीणा**, मुख्य इंजीनियर/नि-V
02 दिसम्बर, **श्री टी. दैमारी**, उप मुख्य इंजी/नि/सामान्य
04 दिसम्बर, **श्री एस कनौजिया**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/II/नॉर्थ लखीमपुर
09 दिसम्बर, **श्री पी. कुमार**, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/जोगिघोपा
01 जनवरी, **श्री के. वी. वाईपेई**, वित्त सलाहकार एवं मु. ले. अधि./नि-I
01 जनवरी, **श्री पी.के. साफी**, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण
02 जनवरी, **श्री एस. के. साहा**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/योजना
02 जनवरी, **श्री सोनेलाल**, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/निर्माण

### अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

07 अक्टूबर, **श्री हरि सिंह**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/I/लामडिंग
05 नवम्बर, **श्री महेंद्र सिंह**, उप मुख्य इंजी/नि/डिब्रूगढ़-I
05 नवम्बर, **श्री एस.के. बर्नवाल**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/सिलापथार-I
20 नवम्बर, **श्री पी. कालारयाल**, उ.मु.सि. एवं दू. संचार इंजी./नि./योजना
22, नवम्बर, **श्री एस.पी. यादव**, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/कटिहार
24 नवम्बर, **श्री वी.पी. श्रीवास्तव**, मुख्य इंजीनियर/निर्माण-IV
28 नवम्बर, **श्री टी.वी. भूषण**, उप मुख्य इंजीनियर/नि/I/अभिकल्प
16 दिसम्बर, **श्री राजेश कुमार**, उप मुख्य इंजीनियर/II/सिलचर
22 दिसम्बर, **श्री एस. पी. देशमुख**, उ. मु. इंजीनियर/निर्माण-I/सिलचर

## पदस्थापन

1. श्री के. वी. वाईपेई, वि. स. एवं मुलेधि/निर्माण/II ने दिनांक 23.07.08 को वि. स. एवं मुलेधि/निर्माण/I का पदभार ग्रहण किया ।
2. श्री पी. डेका, वरिष्ठ सहायक वित्त सलाहकार/नि/अगरतला, कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में (तदर्थ) पदोन्नत हुए तथा उप वि. स. एवं मुलेधि/नि/सिलचर का पदभार दिनांक 04.08.08 को ग्रहण किया ।
3. श्री बकरीदन, भंडार नियंत्रक/निर्माण ने दिनांक 11-09-08 को रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का पदभार ग्रहण किया । इस पद पर यह उनका दूसरा कार्यकाल है ।
4. श्री राजेश कुमार, उप मुख्य इंजी/नि/डिब्रूगढ़-II ने दिनांक 12-09-08 को उप मुख्य इंजी./नि/II/सिलचर का पदभार ग्रहण किया ।
5. श्री एस. प्रभु, उप मुख्य इंजी./अभिकल्प/I ने दिनांक 17.09.08 को उप मुख्य इंजी./नि/एन जे पी का पदभार ग्रहण किया ।
6. श्री टी. वी. भूषण, उप मुख्य इंजी./नि/एन जे पी ने दिनांक 19.09.2008 को उप मुख्य इंजी./अभिकल्प/I का पदभार ग्रहण किया ।

राजभाषा अनुभाग/निर्माण की ओर से वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी/निर्माण द्वारा प्रकाशित, दूरभाष : 2572794, 94355-50807
मुद्रक : दास ग्राफिक्स एण्ड आफसेट प्रेस, मालीगांव, गुवाहाटी-781012, दूरभाष : 98641-01480, 94351-43284